**दिनांक 30.07.2024 को जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पुर्नगठन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल/पुर्नगठन योजनाओं के विभिन्न घटकों पर विद्युत संयोजन किये जाने तथा विद्युत सम्बन्धित आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 30.07.2024 को अपरान्ह 11:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें-

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), हमीरपुर।
2. श्री जी0सी0यादव, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, हमीरपुर।
3. श्री डी0एन0 प्रसाद, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
4. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
5. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
6. श्री हरिश चन्द्र, एस0डी0ओ0, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
7. श्री महेन्द्र पाल सिंह, एस0डी0ओ0, विद्युत वितरण खण्ड, सुमेरपुर।
8. शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
9. श्री प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता(स्टोर), द0वि0वि0ख0, हमीरपुर।
10. श्री अभिषेक खरे, सहायक अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
11. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियंता, इले0 एण्ड मैके0, एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
12. श्री नरैन सिंह गिल, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
13. श्री रोहित गर्ग, मैकेनिकल इंजि0
14. श्री प्रभांशु गुप्ता, कन्सट्रक्शन मैनेजर, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
15. श्री अशोक कुमार, प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स।




अधिशासी अभियंता ई0/एम0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत स्वासा बुजुर्ग (कलौलीजार) सी0डब्लू0आर0 विद्युत संयोजन को अभी तक ऊर्जीकृत नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त चन्द्रपुरवा बुजुर्ग सी0डब्लू0आर0 के माध्यम से 65 राजस्व ग्राम आच्छादित है, किन्तु सी0डब्लू0आर0 पर बार-बार पावर कट होने तथा 08 से 10 घंटे ही बिजली मिल पाने के कारण ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। अधिशासी अभियंता इले0/मैके0, जल निगम ग्रमीण द्वारा अवगत कराया गया कि चन्द्रपुरवा बुजुर्ग सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर के माध्यम से विद्युत संयोजन उपलब्ध कराया जाना है, किन्तु अभी स्वतंत्र फीडर का कार्य पुर्ण नहीं किया गया है। अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि चन्द्रपुरवा बुजुर्ग सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर कार्य हेतु रेलवे विभाग से अनापत्ति प्राप्त की जानी है जिसके



Scanned with OKEN Scanner

सम्बन्ध कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, हमीरपुर द्वारा आश्वासन दिया गया कि **रेलवे वि... से अनापत्ति प्राप्त होने के 10 दिवस के अन्दर स्वतंत्र फीडर का कार्य पूर्ण** करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि स्वासा बुजुर्ग (कलौलीजार) सी0डब्लू0आर0 विद्युत संयोजन को यथाशीघ्र ऊर्जीकृत कराना सुनिश्चित करें तथा चन्द्रपुरवा बुजुर्ग सी0डब्लू0आर0 पर स्वतंत्र फीडर कार्य हेतु रेलवे विभाग से समन्वय कर तथा प्रभावी पैरवी करते हुए यथाशीघ्र अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता/एस0डी0ओ0, वि0वि0ख0, हमीरपुर को निर्देश दिये गये कि सी0डब्लू0आर0 पर अनावश्यक रूप से विद्युत कटौती न की जाय तथा निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाय, जिससे ग्रामीणों को रोस्टर के अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, हमीरपुर द्वारा आश्वासन दिया गया कि **दिनांक–05.08.2024 तक स्वासा बुजुर्ग (कलौलीजार) सी0डब्लू0आर0 पर विद्युत संयोजन को ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा।**

अधिशासी अभियंता ई0/एम0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत बताया गया कि विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर क्षेत्रान्तर्गत पुनर्गठन योजनान्तर्गत कुल 28 विद्युत संयोजन किये जाने है, जिनमे से 23 विद्युत संयोजनों हेतु प्राक्कलन धनराशि जमा कर दी गयी है, विद्युत विभाग द्वारा अभी तक केवल 01 विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है, 7 विद्युत संयोजनों हेतु ट्रांसफार्मर इन्टालेशन का कार्य पूर्ण, 01 विद्युत संयोजन पर पोल व तार लगाने का कार्य पूर्ण ट्रांसफार्मर का कार्य शेष तथा 12 विद्युत संयोजन हेतु कार्य प्रगति पर है। 02 विद्युत संयोजनों हेतु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। अधिशासी अभियंता ई0 एवं मैके0, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि 5 नग विद्युत संयोजनों हेतु कार्यदायी फर्म श्री हरि इन्फ्रां प्रा0लि0 द्वारा प्राक्कलन धनराशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 07 विद्युत संयोजनों पर टांसफार्मर इन्सटॉल पूर्ण कर लिया गया है, जिन्हें 03 दिवस में ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। 01 विद्युत संयोजन पर टांसफार्मर अभी स्टोर से प्राप्त न होने के कारण टांसफार्मर इन्सटॉलेशन का कार्य शेष है। 12 विद्युत संयोजन पर पोल तथा तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। 02 नग विद्युत संयोजन मनकी (टोडरपुर) तथा करैया वि0ख0 मौदहा में जलभराव के कारण कार्य अभी पूर्ण किया जाना सम्भव नहीं है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि टांसफार्मर इन्सटॉल किये गये विद्युत संयोजनों को अविलम्ब ऊर्जीकृत कराना सुनिश्चित करें तथा अवशेष 12 विद्युत संयोजनों हेतु कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, वि0भं0ख0, बांदा को निर्देशित किया गया कि आवश्यक टांसफार्मर/समान उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी फर्म मै0 हरि इन्फ्रा0प्रा0लि0 को निर्देशित किया गया कि विद्युत संयोजन हेतु प्राक्कलन धनराशि का भुगतान अधिशासी अभियंता, विद्युत भंडार खण्ड ,बांदा द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक 05.08.2024 तक टांसफार्मर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अधिशासी अभियंता ई0/एम0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा बताया गया कि वि0वि0ख0 राठ क्षेत्रान्तर्गत पुर्नगठन पेय0यो0 के तहत विभिन्न घटकों पर कुल 45 विद्युत संयोजन के सापेक्ष 30 विद्युत संयोजनों हेतु प्राक्कलन धनराशि का भुगतान कर दिया गया है, 02 विद्युत संयोजन हेतु प्राक्कलन धनराशि (टी0सी0) अभी प्राप्त नहीं हुई है तथा 13 विद्युत संयोजन हेतु प्राक्कलन धनराशि का भुगतान कार्यदायी फर्मो द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। विद्युत वितरण खण्ड, राठ द्वारा 11 विद्युत संयोजनों को ऊर्जीकृत कर दिया गया है, 17 विद्युत संयोजनो पर टांसफार्मर इन्सटॉल कर दिया गया है किन्तु भी तक उन्हें ऊर्जीकृत नहीं किया गया है तथा 02 विद्युत संयोजनों पर कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। मै0 श्री हरि इन्फ्रा प्रा0लि0 10 कनेक्शन, मै0 बी0के0कन्स0 02 कनेक्शन तथा जय माँ लक्ष्मी द्वारा 01 विद्युत संयोजन हेतु प्राक्कलन धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत संयोजन की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया गया तथा अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड राठ को निर्देशित किया गया कि टांसफार्मर इन्सटॉल किये गये विद्युत संयोजनों को अविलम्ब ऊजीकृत कराना सुनिश्चित करें। योजना के विभिन्न घटकों पर कार्ययोजना बनाकर विद्युत संयोजन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण की जाय, जिससे



Scanned with OKEN Scanner

योजना में अनावश्यक विलम्ब न हो। अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, राठ द्वारा आश्वासन दिया गया कि **16 विद्युत संयोजनों को दिनांक–05.08.2024 तक ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा।**

कार्यदायी फर्मों/अधिशासी अभियंता ई0/एम0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि जिन विद्युत संयोजनों हेतु प्राक्कलित धनराशि का भुगतान फर्म द्वारा नहीं किया गया है यथाशीघ्र भुगतान कराया जाय तथा ऑनलाइन आवेदन तथा प्रभावी पैरवी करते हुए विद्युत सुरक्षा निदेशालय से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**अवगत कराया गया कि नगर पालिका राठ एवं सरीला के क्षेत्रान्तर्गत एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण किया जा रहा है, उक्त एम0आर0एफ0 सेन्टर पर विद्युत संयोजन का कार्य किया जाना है, जिसके लिए प्राक्कलन धनराशि का भुगतान विद्युत विभाग को किया जा चुका है, किन्तु अभी विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, राठ को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र एम0आर0एफ0 सेन्टर पर विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण करायें जिससे कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराया जा सके।**

अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर, राठ व अधिशासी अभियंता ई0/एम0, चित्रकूट व्यक्तिगत रूचि लेते हुए विद्युत संयोजन सम्बन्धित कार्य समय से मानक के अनुरूप पूर्ण करायें तथा इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(सुरेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
o/c हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर
*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या–751/न0गंगे–पे0यो0–स0बै0(2024–25) दिनांक-05अगस्त, 2024

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंण्डल, हमीरपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/राठ।
9. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत भंडार खण्ड, बांदा।
10. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर।
11. अधिशासी अभियंता वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
12. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
14. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई–मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
o/c हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner